☎ 2286710, 2286709

राज्य नगरीय विकास अभिकरण

नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग,
लखनऊ–226001
website-www.sudaup.org

पत्रांकः– 4587 / 01 / 29 / HFA-12 / 2017–18 दिनांकः– 19 फरवरी, 2018

समस्त परियोजना अधिकारी / सहा० परि० अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।

विषयः–**प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत आवासों की ग्राउण्डिंग एवं जियो टैगिंग (Geo tagging) की प्रगति के सम्बन्ध में।**

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग, उ०प्र० शासन के पत्र संख्या–332 / 69–1–2018–14(235) / 2015 दिनांक 19 फरवरी, 2018 का सन्दर्भ लें, जिसके द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि प्रत्येक जनपद में प्रतिमाह कम से कम 100 आवासों की ग्राउण्डिंग, परियोजना अधिकारी अपनी उपस्थिति में करायेंगे तथा मकान निर्माण स्थल के साथ अपनी उपस्थिति विषयक फोटोग्राफ्स प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एम०आई०एस० पोर्टल पर अपलोड करेंगे। अपलोड न करने की दशा में संबंधित जनपद के परियोजना अधिकारी, डूडा का नाम माह के प्रथम सप्ताह में शासन को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः उपरोक्त के अनुपालन में प्रतिमाह 100 आवासों की ग्राउण्डिंग स्वयं मौके पर जाकर कराने एवं लाभार्थी के नाम, कार्य स्थल, सम्बन्धित स्थानीय निकाय का नाम सम्बन्धित फोटोग्राफ्स पर ही सुपरइम्पोज करते हुए फोटोग्राफ्स ई–मेल sltc.suda@gmail.com पर प्रेषित करें। उपरोक्त कार्यवाही की कार्यालय प्रति भी अपने कार्यालय में संरक्षित रखना सुनिश्चित करें। यह भी ध्यान रहें कि इसकी समीक्षा प्रतिमाह अनिवार्य रूप से की जायेगी।

संलग्नकः–यथोपरि।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
निदेशक

प्रतिलिपिः–

1. सहा० परियोजना अधिकारी / वेब मास्टर, सूडा, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि एक प्रति सूडा की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
निदेशक

संख्या– 332 / 69–1–2018–14(235) / 2015

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

7054/cls
19/2/18

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग। लखनऊ : दिनांक 19 फरवरी, 2018

विषय–प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत आवासों की ग्राउण्डिंग एवं जियो टैगिंग (Geo tagging) की प्रगति के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत 'लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास का निर्माण अथवा विस्तार' घटक में कुल 757 परियोजनाओं में 263650 आवास तथा 'भागीदारी में किफायती आवास' घटक के अन्तर्गत कुल 20 परियोजनाओं में 18598 आवास अर्थात् दोनों घटकों में कुल 282248 आवास भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किये जा चुके हैं। अभी तक उक्त स्वीकृत आवासों के सापेक्ष केवल 52002 आवासों की जियो टैगिंग (Geo tagging) का कार्य सम्पन्न हुआ है, जिसके सापेक्ष आवासों के ग्राउण्डिंग का कार्य मौके पर प्रारम्भ होने की स्थिति अत्यन्त धीमी है।

2. अतएव इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रत्येक जनपद में प्रतिमाह कम से कम 100 आवासों की ग्राउण्डिंग सम्बन्धित परियोजना अधिकारी, डूडा अपनी उपस्थिति में करायेंगे तथा मकान निर्माण स्थल के साथ अपनी उपस्थिति विषयक फोटोग्राफ्स प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपलोड करेंगे। निदेशक, सूडा उक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे तथा जिन जनपदों में उपरोक्तानुसार कार्यवाही नहीं की गयी है, उन जनपदों के परियोजना अधिकारी, डूडा का नाम अगले माह के प्रथम सप्ताह में शासन को उपलब्ध करायेंगे।

भवदीय,

Manoj 19.2.18

(मनोज कुमार सिंह)
प्रमुख सचिव।

AD/Prog. Officer
19/2/18

Very Urgent
Anoop letter today.